दैनिक भास्कर 21/03/2025

क्रिकेट में जीएमएन कॉलेज के नॉन टीचिंग कर्मियों ने मारी बाजी

भास्कर | अम्बाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज कैंट में स्पोर्ट्स विभाग व ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस के संयुक्त तत्वाधान में सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच हुआ। खेल का आगाज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की गेंदबाजी से हुआ। प्राचार्य ने बताया कि इस फ्रेंडली क्रिकेट मैच के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच मित्रता को बढ़ावा देना, उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क को बढ़ावा देना है। दोनों ही टीमों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। क्रिकेट मैच में नॉन टीचिंग कर्मचारियों ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का खिताब 59 रन बनाकर अंकित सैनी ने प्राप्त किया। मैच में विनर व मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी ओस्का द्वारा भेंट की गई। स्पोर्ट्स विभाग की से डॉ. ब्रजेश व रूपाली विजेता टीम की सराहना की।